सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 224 | इंदौर, शुक्रवार 28 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## महाकुंभ के समापन के बाद भी संगम नोज पर उमड़ रहे श्रद्धालु, महाराष्ट्र से तमिलनाडु तक के लोग आ रहे प्रयागराज



**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 का बुधवार को समापन हो गया, लेकिन बावजूद इसके बड़ी संख्या में तीर्थयात्री संगम तट पर उमड़े. जिनमें से कई ऐसे भी थे जो 45 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के दौरान पवित्र स्नान करने से चूक गए थे।

# भारत रत्न नानाजी देशमुख राष्ट्रसेवी थे, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर किया सच्चा सम्मान : केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह

### प्रेरणा पुंज थे नानाजी देशमुख, ग्रामों के स्वावलंबन की उन्होंने की कल्पना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**चित्रकूट, एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारत रत्न नानाजी देशमुख अजातशत्रु थे। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल की अवधि में कई कष्ट सहे और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तत्कालीन परिस्थितियों में राष्ट्रहित में जो कार्य किया उस वजह से उन्हें राष्ट्र ऋषि की उपाधि दी गई। वे वास्तविक अर्थों में राष्ट्रसेवी थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न देकर उनके जीवन और कार्यों का सच्चा सम्मान किया।**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह गुरूवार को सतना जिले के चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीनीकृत राम दर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर




केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने मूर्तिकारों का सम्मान भी किया। नानाजी के श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। नानाजी की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी कर्मस्थली रही चित्रकूट में तीन विशेष कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए गए। इनमें नानाजी का श्रद्धांजलि समारोह, पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा और राम दर्शन का लोकार्पण शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने भगवान कामता नाथ को प्रणाम कर नानाजी के महान व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि नानाजी का जन्म महाराष्ट्र में हुआ, वे संघ से जुड़े और उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। नानाजी ने जनसंघ को खंड-प्रखंड स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि राजनीति में रहते हुए भी नानाजी अजातशत्रु थे। इस क्षेत्र में उनका कोई विरोधी नहीं था। एक राजनेता के जीवन में ऐसा अत्यंत दुर्लभ दिखाई देता है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि नानाजी ने राजनीति के इतर समाज सेवा सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। नानाजी ने अपने जीवन में संकल्प लेते हुए एकात्म मानववाद को धरातल पर उतारने का निर्णय लिया। वे समाज से बुराई को दूर करते रहे, लेकिन कभी किसी बुराई को स्वयं तक नहीं आने दिया। उनके आदर्श एक सदी तक राजनीतिज्ञों के लिए आदर्श बनकर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख लगभग एक ही काल खंड में जन्मे थे। भारत के विकास को पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण से जोड़कर देखा था। एकात्म मानववाद का विचार कैसे जमीन पर उतरेगा एक समय में लोग इसे असंभव समझते थे, लेकिन नानाजी ने चित्रकूट से ग्रामोदय के उत्थान के विचार के साथ अंत्योदय की नींव रखी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह समेत यहां उपस्थित सभी अतिथियों का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुखद संयोग रहा है कि उनकी नानाजी से भेंट हुई थी। नानाजी का होना हम सबके लिए एक प्रेरणा पुंज के समान था। जब पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया तो नानाजी ने बड़ी विनम्रता से मना कर दिया था। नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि नानाजी ने कलाकारों को जोड़कर तीर्थ धाम को जीवंत करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नानाजी देशमुख जैसे महामानव को प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की सरकार ने भारत रत्न देकर उनका सच्चे अर्थों में सम्मान किया है। कार्यक्रम में कथावाचक पूज्य मुरारी बापू ने नानाजी के साथ बिताए समय को याद किया। उन्होंने कहा कि नानाजी ने सबसे पहले चित्रकूट में रामदर्शन की थी और आज इसे नया रूप दिया जा रहा है। आज का दिन राष्ट्र ऋषि नानाजी को श्रद्धांजलि देने का दिन है। नानाजी ने रामकथा के साथ रामदर्शन तो कराया ही, लेकिन हम सबको ग्राम दर्शन भी कराया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म चेतना से आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का मार्ग मिला है। नानाजी का जीवन एक साधु की तरह रहा। पूज्य बापू ने रामचरित मानस का उदाहरण देते हुए राम राज्य की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीराम ने अपने भाई भरत को राम राज्य के लिए 4 बातें बताई थीं।

पहला साधु मत, दूसरा लोकमत, तीसरा राजनीतिक मत और चौथा सनातन वैदिक मत। उन्होंने कहा कि नानाजी के जीवन में यह चारों बातें समाहित थीं।

### ग्वालियर में बोर्ड परीक्षा के दिन बवाल!

# 10वीं की छात्राएं धरना पर बैठने को क्यों हुईं मजबूर?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 10वीं की छात्राओं द्वारा बोर्ड परीक्षा के दिन एग्जाम सेंटर के बाहर धरना देने का मामला सामने आया है। दरअसल आज एमपी बोर्ड की दसवीं का हिन्दी का पेपर है और स्कूल प्रशासन का आरोप है कि ये छात्राएं एग्जाम सेंटर पर देर से पहुंची हैं। इस कारण उन्हें पेपर देने के लिए अंदर नहीं जाने दिया गया। जबकि छात्राओं का कहना है कि वे सुबह 8:22 पर एग्जाम सेंटर आ गई थीं, लेकिन उनको ग्वालियर के शासकीय पद्मा विद्यालय स्कूल में एंट्री नहीं दी गई। जानिए क्या है पूरा मामला।



घटना ग्वालियर के शासकीय पद्मा विद्यालय स्कूल की है। आरोप लगाया है कि परीक्षा अधिकारियो की हठ धार्मिता के चलते 26 छात्राएँ आज अपना पहला पेपर नही दे पाई हैं। छात्राओं का दावा है कि वे सुबह 8:22 पर आ गई थीं, लेकिन उनको ग्वालियर के शासकीय पद्मा विद्यालय स्कूल में एंट्री नहीं दी गई। उनसे कहा गया कि आप लेट है। अंदर नहीं जाने के कारण बच्चे स्कूल के मेन गेट की मुख्य सड़क कंपू पर रोड़ पर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे बच्चों ने कहा कि जब तक उनको परीक्षा नहीं देने दी जाएगी, तब तक वे यहां से हटने वाले नहीं है। परीक्षा देने आए बच्चों में एक बच्ची ऐसे भी है, जो सीधे अस्पताल से बिना डिस्चार्ज के केवल परीक्षा देने के लिए आई हुई है। उसे भी परीक्षा नहीं देने दी जा रही है। स्कूल शिक्षा अधिकारी का कहना है कि बच्चे लेट आए थे, जिसके कारण उन्हें एंट्री नहीं दी गई है। 8.45 तक बच्चों की परीक्षा सेंटर पर एंट्री है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शिक्षा अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। बीच का रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

बच्चों को हटाने के लिए पुलिस फोर्स, प्रशासनिक अफसर और जिला शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बातचीत करके और जून में उनका ये पेपर दिलाने के आश्वासन के बाद बच्चे घर लौटे। गोरतलब है कि आज से मध्य प्रदेश में दसवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है और आज पहला पेपर था, लेकिन 26 छात्र-छात्राएं आज परीक्षा देने से वंचित हो गए। परीक्षा छूटने से कुछ छात्राएं रोती नजर आई तो कुछ आकर्षित होकर सड़क पर धरने पर बैठ गई।

# इंदौर मेट्रो का मार्च में पहला कमर्शियल रन

## भोपाल में मेट्रो का काम पिछड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लगभग 6 किमी लंबे 'सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर' पर इंदौर में यात्री सेवा शुरू हो सकती है। भोपाल में भी मेट्रो का काम चल रहा है, लेकिन कुछ देरी हो रही है। इस देरी का कारण भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर का विस्तार और कुछ ज़रूरी निर्माण कार्य हैं। दोनों शहरों में एक साथ मेट्रो का काम शुरू हुआ था, लेकिन इंदौर अब आगे निकल गया है। इंदौर में सुरक्षा जांच पूरी हो चुकी है, जबकि भोपाल में अभी कुछ महीने और लगेंगे।

इंदौर और भोपाल, दोनों शहरों में मेट्रो परियोजना एक साथ शुरू हुई थी। लेकिन, अब इंदौर भोपाल से आगे निकल गया है। इंदौर में 6 किलोमीटर लंबे 'सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर' पर अगले महीने, यानी मार्च के आखिरी हफ़्ते में यात्री सेवा शुरू होने की उम्मीद है। इस कॉरिडोर पर पांच मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं। इंदौर मेट्रो ने सभी ज़रूरी परीक्षण और जांच पूरी कर ली हैं। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम ने भी निरीक्षण कर लिया है। बस अब उनकी तरफ से NOC मिलना बाकी है। अब उम्मीद है कि अगले महीने मेट्रो कंपनी पूरे ट्रैक का परीक्षण करवाने के लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन (RDSO) को बुला सकती है। RDSO लखनऊ से अपनी तकनीकी उपकरणों के साथ एक पूरी बोगी में आता है। RDSO के परीक्षण के बाद ही मेट्रो सेवा शुरू करने की अनुमति मिलती है। भोपाल में भी मेट्रो का काम तेज़ी से चल रहा है, लेकिन अभी कुछ समय और लगेगा। भोपाल का प्रायोरिटी कॉरिडोर 6.22 किमी लंबा है, जो इंदौर से थोड़ा बड़ा है। शुरुआत में भोपाल में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक ही मेट्रो चलाने की योजना थी। लेकिन बाद में इस कॉरिडोर को एम्स तक बढ़ा दिया गया। इसके अलावा, रेलवे लाइन के ऊपर पुल बनाने का काम भी जुड़ गया। इन वजहों से भोपाल मेट्रो में देरी हो रही है।



अफसरों ने बताया कि मेट्रो शुरू होने में अभी 5 महीने और लग सकते हैं। भोपाल मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने एक बयान में बताया कि इंदौर में बस CMRS की NOC का इंतज़ार है। NOC मिलते ही यात्री सेवा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क लगभग पूरा होने वाला है। सुभाष नगर डिपो में भी अभी 20% काम बाकी है। सुभाष नगर से आरकेएमपी स्टेशन तक ट्रायल रन हो चुका है। आरकेएमपी से एम्स तक ट्रैक बनाने में लगभग 17 महीने लग गए। इन 17 महीनों में सबसे ज़्यादा समय गणेश मंदिर के सामने रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) की अनुमति लेने में लगा। इसमें लगभग 9 महीने लग गए। इस दौरान रेलवे से अनुमति लेनी पड़ी और स्टील का पुल बनाना पड़ा।

### दिव्यांगजनों के लिये 7 और 8 मार्च को आयोजित होगी 'सुगम्य यात्रा'

**इंदौर**। दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनेमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 7 और 8 मार्च 2025 को जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की 'सुगम्य यात्रा' का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं आयुक्त नि:शक्तजन श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में 'सुगम्य यात्रा' निकाली जाएगी। इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमाघरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीन हकीकत को देखेंगे।

# जू में दो महीने में आए 11 नन्हें मेहमान

## बाघिन, शेरनी, भालू समेत हिप्पोपोटामस ने दिया बच्चों को जन्म



**इंदौर। इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में इस साल जनवरी और फरवरी के दौरान वन्य प्राणियों के 11 बच्चों ने जन्म लिया है। इनमें बाघिन जमना के 3 शावक, शेरनी सुंदरी के 2 शावक, एक हिप्पोपोटामस का बच्चा, मादा भालू प्रभा के 2 और मादा भालू मधु के 3 बच्चे शामिल हैं।**

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव का कहना है कि इंदौर का चिड़ियाघर अब केवल वन्य प्राणियों को रखने का केंद्र ही नहीं, बल्कि वन्य प्राणियों का ब्रीडिंग सेंटर भी बन चुका है। इंदौर चिड़ियाघर में अब वन्य प्राणियों की संख्या बढ़कर 1300 से अधिक हो गई है। चिड़ियाघर के क्यूरेटर निहार पारुलेकर ने बताया कि इंदौर चिड़ियाघर की सबसे बड़ी विशेषता इसका मजबूत ब्रीडिंग प्रोग्राम है। इसी के तहत बाघिन जमना ने तीन बच्चों को जन्म दिया है, जिनमें एक वाइट (सफेद) और दो मेलानिस्टिक ब्लैक (काले) शावक हैं। शेरनी सुंदरी ने भी दो बच्चों को जन्म दिया है। इसके अलावा, भालू और हिप्पोपोटामस के बच्चों का जन्म भी इस साल दो महीनों में हुआ है। वहीं, 2024 में जेब्रा और शेर के बच्चों का जन्म हुआ था। खास बात यह थी कि मध्य प्रदेश में पहली बार किसी अफ्रीकन जेब्रा ने संतान को जन्म दिया था। बता दें की एमपी में सिर्फ इंदौर जू में ही अफ्रीकन जेब्रा का जोड़ा मौजूद है, जिसे 3 साल तक कोशिश करने के बाद गुजरात से लाया गया था। इसके बदले इंदौर से व्हाइट टाइगर भेजा गया था। बाघिन जमना अब तक 6 बार में 10 से अधिक शावकों को जन्म दे चुकी है। उसे लगभग 8 साल पहले भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क से इंदौर लाया गया था। निहार पारुलेकर ने बताया कि सभी शावक स्वस्थ हैं और उन्हें निगरानी में रखा गया है। बाड़े में शावकों की निगरानी के लिए कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। गौरतलब है कि तीन साल पहले जमना दो बार पिंजरा तोड़कर बाहर आ चुकी थी। 27 नवंबर को वह 12 फीट ऊंची जाली कूदकर भाग गई थी, जबकि 12 दिसंबर को बाड़ा तोड़कर बाहर निकली थी। हालांकि, उसने पर्यटकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था।

### 7 मार्च को वित्त आयोग का इंदौर भ्रमण




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। 16वें वित्त आयोग का इंदौर दौरा 7 मार्च को होगा। आयोग के दल में अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सहित आठ सदस्य रहेंगे। आयोग के सदस्य इंदौर में देवगुराड़िया स्थित बायोगैस प्लांट का भ्रमण करेंगे और फिर पीथमपुर में एसईजेड का अवलोकन करेंगे। इसके बाद आयोग ओंकारेश्वर का दौरा करेगा। इसे लेकर कमिश्नर दीपक सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर इंदौर आशीष सिंह, आईजी अनुराग, डीआईजी ग्रामीण निमिष अग्रवाल, एसपी (ग्रामीण) हितिका वासल, निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भ्रमण की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वित्त आयोग के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्याकांति घोष, ऋत्विक पांडे, केके मिश्रा और कुमार विवेक शामिल हैं।

# मप्र के मंदिरों को सरकारीकरण से मुक्त करने की मांग

## मठ-मंदिर पुजारी संगठन ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मठ-मंदिर पुजारी संगठन ने मंदिरों को सरकारीकरण से मुक्त करने की मांग की है। आरोप है कि मठ-मंदिर पुजारी संगठन धार्मिक संप्रदाय जैसे शैव संप्रदाय, वैष्णव संप्रदाय, दशनामी संप्रदाय, रामानंद संप्रदाय, निंबार्क संप्रदाय आदि से संबंधित पुजारियों का समूह है। इन पुजारियों को संविधान के अनुच्छेद 26 के अंतर्गत मौलिक अधिकार प्राप्त है। शासन द्वारा मंदिर संपत्ति और जमीन को सरकारी नियंत्रण में लेकर धार्मिक संप्रदाय को प्राप्त मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। संगठन ने इसे लेकर हाई कोर्ट में याचिका लगाई है।



इंदौर, उज्जैन, देवास, गुना, ग्वालियर, धार, रतलाम, नीमच, मंदसौर, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, शाजापुर, राजगढ़, आगर मालवा आदि जिलों में लगभग 50,000 मंदिर और 1 लाख हेक्टेयर मंदिर जमीन प्रदेश स्तर पर मौजूद हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर शासन अपनी मनमानी मंदिरों पर जारी रखता है, तो हिंदू मंदिर की सरकारीकरण से मुक्ति हेतु मठ मंदिर पुजारी संगठन प्रदेश स्तर पर 'मंदिर मुक्ति अभियान' शुरू करेगा। संगठन के अध्यक्ष ऋषभ बैरागी ने बताया कि वर्तमान में धर्मस्व विभाग कलेक्टर के माध्यम से मंदिर और मंदिर भूमियों का प्रबंधन करता है। सरकारी नियंत्रण के बावजूद मंदिर और मंदिर भूमियों का कुप्रबंधन जारी है। यहां कई तरह की विसंगतियां और कुप्रशासन है। इसके सारे दस्तावेज संगठन के पास उपलब्ध हैं। पुजारी कपिल दास बैरागी का आरोप है कि मंदिर भूमि की नीलामी से प्राप्त राशि सरकारी खजाने में जमा करना, मंदिर को मिलने वाली मुआवजा राशि भी सरकारी खजाने में जमा होना पाया गया। ऐसी राशियों का हिसाब प्रदेश स्तर पर नहीं है। ऐसे अनेक अवैधानिक काम प्रदेश भर में सरकारीकरण की आड़ में हुए जिससे मंदिर व्यवस्था को नुकसान हुआ है।

# किसानों ने घेरा कलेक्टर कार्यालय घेरा, बिस्तर-भोजन लाए, बोले- अब नहीं उठेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** किसानों की खेती की जमीन अधिग्रहित करने के विरोध में आज से इंदौर कलेक्टर कार्यालय का घेराव शुरू हो गया है। यहां बड़ी संख्या में किसान विरोध पर बैठे हैं और कई प्रमुख संगठनों का इन्हें समर्थन मिल रहा है। आउटर रिंग रोड के पूर्वी-पश्चिमी हिस्से के साथ ही कई अन्य परियोजनाओं के लिए सरकार किसानों की कृषि भूमि ले रही है। इसके खिलाफ पिछले एक साल से लगातार आंदोलन और विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में आज से शुरू हुए इस शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हैं। इसके लिए किसानों ने गांव-गांव अभियान चलाया है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण की मनमानी नीति के खिलाफ यह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा लगातार मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है इसी



वजह से ग्रामीण किसान, मजदूर आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी, संभाग अध्यक्ष कृष्णपालसिंह राठौड़ महानगर अध्यक्ष दिलीप मुक्ति, जिलाध्यक्ष राजेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में यह आंदोलन हो रहा है। राजनीति से ऊपर उठकर सारे किसान इस आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे हैं। आंदोलन के लिए किसान पूरी तैयारी से आए हैं। आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए हुआ तो उसकी तैयारी के लिहाज से किसान खाने-पीने की सारी सामग्री और रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर लेकर पहुंचे हैं। आज धरना और घेराव स्थल पर किसानों द्वारा दाल-बाटी पकाई जाएगी। किसानों का कहना है अन्नदाता किसान अफसर और शहर वासियों को खुले मन और बड़े दिल से खाना खिलाएंगे।

## पकड़ाई 200 ग्राम एमडी ड्रग, घेराबंदी कर पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने एमडी ड्रग के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी पुलिस को देखकर भाग रहे थे। लेकिन पीछा करने पर वह थोड़ी दूर जाकर गिर गए। आरोपियों के पास से करीब 200 ग्राम एमडी ड्रग मिली है। वह इसकी डिलीवरी किसी को देने आए थे। मामले मे पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।**

तेजाजी नगर पुलिस ने विजय पाटीदार निवासी मंदसौर और शाहनवाज शेख निवासी आजाद नगर को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि आसाराम बापू चौराहे के आगे बाइक सवार दो बदमाश जा रहे है। उनके पास नशा रखा है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इंदौर क्राइम ब्रांच ने भी अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ 4 आरोपियों को पकड़ा है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक फरहान कुरैशी निवासी चंदन नगर, मोहम्मद अली निवासी सदर बाजार, मोहम्मद हुसैन और कृतकार्य शारदा मेडिकल संचालक महू को पकड़ा है। आरोपियों के पास से करीब 1365 अल्प्राजोलम टैबलेट मिली है। क्राइम ब्रांच मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## जयपुर से अपहृत कपड़ा व्यापारी भिंड में मिला

### ऑनलाइन सट्टे में लगाए रुपए नहीं चुका पाया तो अपहरण कर लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अपहृत कपड़ा व्यापारी पवन जैन का अपहरण करने वालों को पुलिस ने भिंड से पकड़ लिया है। व्यापारी को पुलिस इंदौर लेकर आ रही है। पवन जैन के अपहरण की जानकारी पत्नी आरती ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में ऑनलाइन सट्टे के लेनदेन की बात सामने आ रही है।**

एरोड्रम के मनुश्री नगर में रहने वाले व्यापारी पवन जैन 19 फरवरी को जयपुर व्यापार के सिलसिले में गए थे। इसके बाद 25 फरवरी की सुबह उनके मोबाइल से पत्नी को कॉल आया। बात करने वाले ने पहले पति पवन से आरती की बात कराई। इसके



बाद 3 लाख रुपए की डिमांड की। पैसे नहीं देने पर पवन की हत्या की धमकी दी थी। मामले में एक अकाउंट नंबर भी दिया। पत्नी की शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर पवन जैन के मोबाइल को सर्विलांस पर डाला। इसके साथ ही अकाउंट नंबर की डिटेल निकाली तो वह गजराज अहिरवार, निवासी पचोर निकला। पुलिस टीम इसके बाद पीछा करते हुए ग्वालियर फिर भिंड पहुंची और तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पवन जैन मूलतः पचोर के राजगढ़ का रहने वाले हैं। इंदौर में कपड़ा व्यापार के चलते लाखों का कर्ज हो गया। कई लोगों से रुपए उधार लिए थे। वे पैसा चुका नहीं पा रहे थे। इसके बाद से लगातार उन्हें धमकियां मिल रही थी। उसके रिश्तेदार बाबूलाल वर्मा व एक अन्य को पकड़ा है। पवन को कर्ज के बाद ऑनलाइन सट्टा खेलने की आदत थी। उसने गजराज के करीब 50 हजार रुपए ऑनलाइन सट्टे में लगवा दिए थे। गजराज ने उसे मिलने बुलाया ओर चाचा बाबूलाल वर्मा से भी करीब 2 लाख रुपए सट्टे में लगाए। जब दोनों के लगाए गए रुपए में प्रॉफिट नहीं आया तो आरोपियों ने पवन का अपहरण की बात कर उसके मोबाइल से पत्नी आरती को कॉल किया। जिसके बाद उसे लेकर शिवपुरी तरफ चले गए।

## कारोबारी ने फैक्ट्री ऑफिस में किया सुसाइड

### परिवार को लेकर कारण तनाव में थे

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में फैक्ट्री संचालित करने वाले एक कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि, वह रात में अपनी फैक्ट्री पहुंचे और फांसी लगा ली। कर्मचारियों ने उन्हें देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से परिवार को लेकर तनाव में थे, साथ ही कुछ पारिवारिक समस्याओं की बात भी सामने आई है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, मधुंचल रोलिंग फैक्ट्री के मालिक अनिल (65) पुत्र नंदकिशोर जैन, निवासी कंचन बाग, ने अपनी फैक्ट्री में सुसाइड कर ली। बुधवार रात वह फैक्ट्री पहुंचे, और करीब 11 बजे उन्हें ऑफिस में फंदे से लटका पाया गया। कर्मचारियों ने तत्काल उन्हें अरविंदो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनिल जैन इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए माल की सप्लाई करते थे। इसके अलावा, उनका व्यापार कई बड़ी कंपनियों के साथ भी चलता था। अनिल का नाम इंदौर के बड़े कारोबारियों में शुमार था। पुलिस के अनुसार, अभी तक परिवार के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं, लेकिन पारिवारिक विवाद के कारण वह तनाव में थे। जानकारी के मुताबिक, अनिल का एक बेटा है, जिसकी कुछ समय पहले शादी हुई थी। बहू को लेकर परिवार में आपसी विवाद चल रहा था, जिससे वह डिप्रेशन में रहते थे। पुलिस का कहना है कि, परिवार के बयान दर्ज होने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। अनिल जैन, कंपनी के एमडी थे। जबकि कमलेश जैन और राहुल जैन डायरेक्टर हैं।

## आईफोन ले गए बाइक सवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर में मार्केटिंग कंपनी के कर्मचारी का आईफोन लेकर बाइक सवार फरार हो गए। योगेश राजपूत की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों पर केस दर्ज किया गया है। योगेश ने बताया कि उनके मोबाइल पर 24 फरवरी को दोस्त विक्रांत का कॉल आया। उसने आसियान मोटर्स के यहां पर बुलाया। योगेश कार से यहां पहुंचे। तब वह अपनी कार रोककर मोबाइल से बात करने लगे। इस दौरान एक बदमाश बाइक से आया ओर वहां से मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है।

## जहर खाकर थाने पहुंची महिला

### कहा- आरोपी ने शादी का झांसा देकर रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया में एक महिला सोमवार को जहर खाकर थाने पहुंच गई। उसने यहां मौजूद पुलिसकर्मी को इस बात की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल महिला को अस्पताल भेजा। देर रात हुए बयान में महिला से रेप की कहानी सामने आई। पुलिस ने बुधवार को मामले में आरोपी पर शादी का झांसा देकर रेप का केस दर्ज कर किया।

कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, गोपाल बारे निवासी चंदन नगर के खिलाफ रेप के मामले में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता जहर खाकर थाने आई थी। यहां से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि वह 8 साल से लोकमान्य नगर के गोपाल से संपर्क में है। गोपाल ने उससे पति को छोड़ने और तलाक देने की बात कही। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि, गोपाल ने उससे पति से तलाक के बाद शादी की बात कही। इसके बाद झांसा देकर रेप करता रहा। आरोपी ने पीड़िता के पति से उसका तलाक करा दिया। बेटे से भी दूर कर दिया। आरोपी ने पीड़िता से शादी के नाम पर कुछ दिन पहले एक बंद कमरे में हार फूल डालकर फोटो खिंचवा लिए। करीब 10 दिन पहले पीड़िता को जानकारी मिली कि गोपाल ने किसी लड़की से सगाई कर ली है। वह शादी करने वाला है। इसके बाद गोपाल के मोबाइल पर कॉल करना शुरू किया तो उसने नंबर ब्लॉक कर दिया। गोपाल के लगातार फोन नहीं उठाने के चलते पीड़िता ने बताया कि वह थाने पहुंची। इसके बाद जहर खाया ओर अंदर जाकर पुलिस को बताया। पुलिस ने मामले में महिला के बयान के बाद गोपाल पर रेप का केस दर्ज किया है।

# चार लाख करोड़ से अधिक का होगा मप्र का बजट

## मप्र में 12 मार्च को 2025-26 का बजट होगा पेश, गरीब, किसान, महिला, युवा बजट की प्राथमिकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 12 मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत होगा। यह चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का रहेगा। इसमें फोकस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली चार जातियों गरीब, किसान, महिला एवं युवा पर रहेगा। सिंहस्थ के लिए विशेष बजट प्रविधान किए जाएंगे तो सरकार पूंजीगत व्यय और बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर सकती है। विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से प्रारंभ होगा। 11 मार्च को आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्य प्रदेश को लगातार मिल रहा है।**

आम बजट में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रविधान राज्य के लिए किए गए हैं। एक लाख 11 हजार 661 करोड़ रुपये केंद्रीय करों में हिस्सा मिलेगा तो सहायता अनुदान 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिलने का अनुमान है। इस हिसाब से देखा जाए तो वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में 15, 908 करोड़ रुपये अधिक मिलने की संभावना है। इसके



आधार पर राज्य सरकार ने अपने बजट का खाका खींचा है। सूत्रों के अनुसार गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, युवा कल्याण और किसानों के हित में प्रविधान किए जाएंगे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण के लिए बड़ा वित्तीय प्रविधान ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, जनजातीय कार्य और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के बजट में रखा जाएगा। औद्योगिक विकास के लिए 18 नीतियों के अंतर्गत उद्यमियों को जो विशेष प्रोत्साहन देने का वादा किया गया है, उसकी पूर्ति के लिए प्रविधान होंगे तो भोपाल में एक बड़ा कन्वेंशन सेंटर बनाने की योजना प्रस्तावित की जाएगी। अधोसंरचना निर्माण की विभिन्न परियोजनाओं को गति देने के लिए सरकार इस बार भी पूंजीगत व्यय बढ़ाएगी। यह 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। 11 मार्च को सरकार आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेगी। इसमें वर्ष 2024-25 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति, राज्य की विकास दर, प्रति व्यक्ति आय से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में राज्य की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद 15 लाख करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में 13 लाख 63 हजार करोड़ रुपये रहा है। नौ दिवसीय सत्र को देखते हुए राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर सरकार की ओर से प्रस्तुत होने पर कृतज्ञता ज्ञापन पर एक दिन चर्चा कराई जा सकती है।

# चुनाव के डर में कई निर्णय नहीं हो पाते : शिवराज

## वोट दिलाऊ फैसले करने पड़ते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बार-बार चुनावों के कारण कई फैसले प्रभावित होते हैं। गवर्नेंस प्रभावित होती है, विकास रुक जाता है पैसे की बर्बादी होती है। कई बार तो वोट दिलाऊ फैसले भी करने पड़ते हैं। शिवराज ने भोपाल के एक प्राइवेट कॉलेज में आयोजित 'एक देश-एक चुनाव' कार्यक्रम में स्टूडेंट्स के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा-**

अपने देश में और कुछ हो या न हो लेकिन सारे राजनीतिक दल पांचों साल, 12 महीने, हर हफ्ते, 24 घंटे एक ही तैयारी करते हैं, वो है अगला



चुनाव। उसी तैयारी में लगे रहते हैं।

शिवराज ने कहा कि अब पिछले साल नवंबर-दिसंबर में एमपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। विधानसभा चुनाव की थकान उतरी नहीं थी कि 4 महीने बाद ही लोकसभा चुनाव आ गया। विधानसभा चुनाव में 6 महीने तो कुछ हुआ ही नहीं था। आचार संहिता, कोड ऑफ कंडक्ट के कारण विकास के काम ठप थे। वो चुनाव हुए और चार महीने बाद फिर लोकसभा के चुनाव आ गए। चार-छह महीने नहीं गुजरे कि फिर हरियाणा, जम्मू कश्मीर, झारखंड, महाराष्ट्र के चुनाव आ गए और नेता फिर चुनाव में भिड़ गए। शिवराज ने कहा, अभी एक चुनाव निपटा नहीं कि दिल्ली का दंगल शुरू हो गया। दिल्ली के चुनाव खत्म नहीं हुए कि हम लोगों ने बिहार के लिए कमर कस ली। चलो बिहार। और कोई काम हो न हो, चौबीसों घंटे चुनाव की तैयारी। ये हमेशा होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में कितने बाधक हैं। एक तो सभी की एनर्जी लगती है, जिसमें प्रधानमंत्री भी चुनाव की तैयारी में लगते हैं। शिवराज ने कहा, चुनाव में पीएम, सीएम सब लगे रहे। केन्द्रीय मंत्री मुझे बनाया गया और कहा गया झारखंड के चुनाव में जाओ। तीन महीने वहीं पड़ा रहा। कृषि की तरफ ध्यान ही नहीं रहा। फोकस चुनाव पर हो गया। मेरे जैसे कितने लोग लगे रहे। ये केवल एक पार्टी में नहीं सभी पार्टियों के मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक सांसद लगे रहते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने कई बड़े और कड़े फैसले लिए हैं। लेकिन, कई बार चुनाव के डर में कई ऐसे फैसले नहीं हो पाते कि वोट बिगड़ गया और नुकसान हो गया, तो वोट बचाओ। ऐसे कई फैसले प्रभावित होते हैं, जो बच्चों का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। प्रदेश का विकास कर सकते हैं। देश को आगे बढ़ा सकते हैं। वोट के डर में फैसले प्रभावित होते हैं।

# खोदी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने एमपीईबी के अधिकारियों से कहा कि बिजली की अंडरग्राउंड केबिल बिछाने में खोदी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत करें। श्रीमती गौर ने कल्पना नगर, शिव नगर फेस-1 और फेस-2 वार्ड 73 के पार्षद श्री राजू राठौर की शिकायत पर निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि खोदी गई सड़कों की मरम्मत को एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में की गई कार्यवाही का जायजा लेंगी। श्रीमती गौर ने कहा कि भविष्य में सड़क निर्माण ऐजेंसी, नगर निगम और एमपीईबी के अधिकारी समन्वय बनाकर रखें जिससे ऐसी स्थिति नहीं बने। सड़क बनने के पहले केबिल बिछाने का कार्य किया जाये।

# 5 साल की बच्ची से पड़ोसी लड़के ने रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में शिवपुरी जिले के गांव में 22 फरवरी को पांच साल की बच्ची से रेप किया गया। वह लहूलुहान हालत में मिली। मासूम के चेहरे से लेकर प्राइवेट पार्ट्स तक कई जगह दांतों से काटने के निशान हैं। ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल के ICU में भर्ती बच्ची हर पल असहनीय दर्द से गुजर रही है। डॉक्टर्स की टीम को उसके प्राइवेट पार्ट्स पर 28 टांके लगाने पड़े हैं। वारदात 17 साल के पड़ोसी लड़के ने शराब के नशे में की। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची की हालत देखकर मां की आंखों से लगातार आंसू बह रहे हैं। उसका कहना है कि ऐसी हैवानियत करने वाले को फांसी हो या चौराहे पर खड़ा कर गोली मार दी जाए।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चार लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** सिवनी के घोघरी गांव में एक ट्रक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम 5 बजे की है। धूमा थाने की पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान रहलोन निवासी घनश्याम झारिया (50) उनकी बहू सुशीला झारिया (45) और 13 वर्षीय पोती अंबिका झारिया (सुशीला की बेटी) और घनश्याम की बेटी की लड़की रामदूत झारिया (11) के रूप में हुई है। परिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने धूमा जा रहा था। थाना प्रभारी शत्रुघ्न सिंह के अनुसार, ट्रक जबलपुर मंडी से सब्जियां लेकर हैदराबाद जा रहा था, तभी हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पलटे हुए वाहन को सीधा कर थाने लाया जा रहा है। ड्राइवर फरार है।

# बेटे को दिया जन्म, कुछ घंटे बाद नर्स ने थमा दी बेटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, एजेंसी। सुर्खियों में बने रहने वाले जिला अस्पताल में गुरुवार को नवजात बदलने पर हंगामा हो गया। तड़के करीब चार बजे रेशमा निवासी मेथाखारी ने बेटे और मुबतसिरा निवासी बुरहानपुर ने बेटी को जन्म दिया। दोनों नवजातों का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से उन्हें विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) वार्ड में रखा गया था।**

कुछ समय बाद रेशमा के नवजात का स्वास्थ्य ठीक होने पर ड्यूटी डाक्टर अमोल पवार ने नर्सों को स्वजन को सौंपने के लिए कहा, लेकिन नर्सिंग स्टाफ ने गलती से दोनों के नवजात आपस में बदल दिए। इसके चलते काफी देर तक हंगामा चला। घटना के लिए जिम्मेदार नर्सों को नोटिस देकर जवाब मांगा है। जब नवजात बालिका को रेशमा के स्वजन को सौंपा गया तो साथ आई आशा कार्यकर्ता जमुना बाई ने इस गफलत को पकड़ लिया और रेशमा के पति ज्ञान सिंह को बताया। नवजात बदलने की बात सुनते ही स्वजन ने हंगामा खड़ा कर दिया। आनन-फानन में डा. अमोल पवार ने मुबतसिरा के स्वजन को बुला कर रेशमा को उसका बेटा सौंपा। इसे लेकर मुबतसिरा के स्वजन भी हंगामे पर उतर आए थे। उन्हें भरोसा दिलाने में डाक्टरों व कर्मचारियों को करीब एक घंटे का समय लग गया। बाद में जाकर मामला शांत हुआ।

## चलती कार का टायर फटा

# खड़े ट्रक से टकराई, भाई-बहन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में चलती कार नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार में सवार भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं बच्चों के चाचा ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसा गुरुवार दोपहर 3.30 बजे सुआतला थाना क्षेत्र में बरमान चौकी के पास हुआ। कार का टायर फट गया था, जिससे वह बेकाबू हो गई। बरमान चौकी प्रभारी आशीष बोपचे ने कहा कि कार में सवार बम्हनी गांव के हिमांशी ठाकुर (16) और प्रशांत ठाकुर (18) जान चली गई है। ये दोनों आपस में सगे भाई-बहन थे। वहीं भीकम ठाकुर (24) की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हो गई। ये दोनों बच्चों के चाचा थे।

# बदल रहा जनजातीय समुदाय का जीवन

**भोपाल, एजेंसी।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही हैं। पीएम जन-मन योजना के द्वारा बैगा, सहरिया एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में पक्का आवास, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के पीएम जनमन ग्राम कोठी में बैगा जनजाति के लोगों से संवाद के दौरान कही। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में जनमन ग्रामों के समग्र विकास के लिए दूरदर्शी और संवेदनशील नेतृत्व मिलना हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष संवेदनशील हैं।

# हवन के धुएं से भड़की मधुमक्खियां, बुजुर्ग की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल में मधुमक्खियों के हमले में एक बुजुर्ग की जान चली गई। हमले में 13 लोग घायल हो गए हैं। प्रयागराज महाकुंभ से लौटा परिवार घर में हवन कर रहा था। इससे निकले धुएं से मधुमक्खियां भड़क गईं थी। घटना ब्यौहारी स्थित गुरा गांव में गुरुवार दोपहर की है। रामकिशोर साहू के घर पर हवन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में करीब 50 लोग मौजूद थे। पास ही में पीपल के पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ था। मधुमक्खियों के हमले में प्रेमलाल कोल (60) की मौत हो गई। वे मधुमक्खियों से बचने के प्रयास में भागते समय खेत में गिर गए। उनका पैर लकड़ी में फंस गया और मधुमक्खियों ने उन्हें घेर लिया। उनका शव हवन स्थल से 200 मीटर दूर एक खेत में चार घंटे बाद बरामद हुआ।

## संपादकीय

# फरवरी में गर्मी...

दिल्ली में इस साल फरवरी में गर्मी का अहसास जल्दी शुरू हो गया है। ये पिछले 15 सालों के सबसे गर्म फरवरी महीनों में से एक होने वाला है। इससे उत्तर भारत में सर्दी के जल्दी खत्म होने का संकेत मिलता है। इस बीच लोगों के मन में ये सवाल आना लाजमी है कि क्या इस साल हमें लंबी और कड़ी गर्मी का सामना करना पड़ेगा? इसका जवाब है 'जरूरी नहीं'। दरअसल पिछले सालों के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी में गर्मी का मतलब ये नहीं है कि उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। अप्रैल में पूरी तरह से गर्मी शुरू हो जाती है। मार्च को आमतौर पर मौसमी बदलाव का महीना माना जाता है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि फरवरी और अप्रैल के तापमान में कोई सीधा संबंध नहीं है। इन दो महीनों का तापमान कई कारकों पर निर्भर करता है। इनमें अल नीनो (या ला नीना) जैसी बड़ी घटनाएं और पश्चिमी विक्षोभ जैसी मौसम संबंधी घटनाएं शामिल हैं। हाल के सालों के रुझान इस बात को साबित करते हैं कि फरवरी और अप्रैल के तापमान में कोई संबंध नहीं है। 2023 में उत्तर भारत में फरवरी में रिकॉर्ड गर्मी पड़ी, लेकिन अप्रैल सामान्य से ठंडा था। 2023 का फरवरी 1901 के बाद से सबसे गर्म था, जिसका औसत अधिकतम तापमान 1971-2024 के औसत से 3.5 डिग्री ज्यादा था। हालांकि, उस साल अप्रैल आठ सालों में सबसे ठंडा रहा, जिसका औसत अधिकतम तापमान 1971-2024 के औसत से लगभग 1 डिग्री कम था। इसके उलट 2022 में हुआ। उस साल उत्तर भारत में अप्रैल रिकॉर्ड स्तर पर सबसे गर्म था, जबकि फरवरी में तापमान सामान्य के करीब था। महापात्र ने कहा, 'जिन सालों में एक मज़बूत अल नीनो (या ला नीना) होता है, उनमें इन दो महीनों के तापमान के बीच एक संबंध हो सकता है। हालांकि, इस साल एक कमजोर ला नीना है जिसके तापमान को प्रभावित करने की उम्मीद नहीं है।' एक और कारक जो दोनों महीनों को सामान्य रूप से गर्म बनाने में भूमिका निभा रहा है, वह है क्लाइमेट चेंज। आईएमडी प्रमुख ने कहा, 'पिछले कुछ दशक रिकॉर्ड पर सबसे गर्म रहे हैं। इसलिए क्लाइमेट चेंज के कारण, किसी भी महीने के पहले से ज्यादा गर्म होने की संभावना अधिक है।'

## महिला जगत

# विश्व के सबसे बड़े महल में रहने वाली भारतीय महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ कौन हैं?

महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ केवल एक शाही परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। उनकी कहानी यह साबित करती है कि शाही जीवन केवल महलों और ऐश्वर्य तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसमें समाज के लिए योगदान देने का भी दायित्व होता है।



**भारत की शाही विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा लक्ष्मी विलास पैलेस में हैं जो केवल एक महल नहीं बल्कि एक भव्य इतिहास की जीवंत झलक है। इसी महल में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ रहती हैं। राधिकाराजे दुनिया के सबसे बड़े घर में रहती हैं। महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ केवल एक शाही परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। उनकी कहानी यह साबित करती है कि शाही जीवन केवल महलों और ऐश्वर्य तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसमें समाज के लिए योगदान देने का भी दायित्व होता है। महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ न केवल अपने शाही कर्तव्यों को निभाती हैं, बल्कि एक इतिहासकार, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।**

### लक्ष्मी विलास पैलेसः एंटीलिया से 61 गुना बड़ा महल

महारानी राधिकाराजे जिस महल में रहती हैं, वह विश्व के सबसे बड़े निजी आवासों में से एक है। यह महल 30 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है, जो मुकेश अंबानी के एंटीलिया से 61 गुना बड़ा और बकिंघम पैलेस से भी अधिक भव्य है।

### महल की खासियतें

1. 170+ शानदार कमरे
2. एक विशाल गोल्फ कोर्स
3. शाही संग्रहालय, जिसमें बेशकीमती कलाकृतियां और ऐतिहासिक धरोहरें शामिल हैं
4. यूरोपीय और भारतीय वास्तुकला का अनूठा मिश्रण
5. 1890 में गायकवाड़ वंश के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा बनवाया गया यह महल आज भी भारतीय राजसी संस्कृति का प्रतीक बना हुआ है।

### कौन हैं राधिकाराजे गायकवाड़?

महारानी राधिकाराजे गायकवाड़ न केवल बड़ौदा के शाही परिवार का हिस्सा हैं, बल्कि उनकी अपनी एक सशक्त पहचान भी है। वह एक **इतिहासकार, पूर्व पत्रकार और समाजसेवी** हैं।

### उनका करियर

1. इतिहास में गहरी रुचि रखने वाली राधिकाराजे ने पत्रकारिता में भी हाथ आजमाया है।
2. उन्होंने भारतीय इतिहास और संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है।
3. अपने महल के अंदर स्थित संग्रहालय और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।
4. राधिकाराजे गायकवाड़ अपने शाही जीवन को केवल विलासिता तक सीमित नहीं रखतीं। वह महिलाओं की शिक्षा, कला-संस्कृति और सामाजिक सुधारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं।

### उनके योगदान

1. महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न सामाजिक अभियानों में भाग लेती हैं।
2. बड़ौदा की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही हैं।
3. लक्ष्मी विलास पैलेस के संग्रहालय को जनता के लिए खोलकर इतिहास प्रेमियों को इसका अनुभव लेने का मौका दिया है।

New Delhi

# नींद जरूरी है; ड्यूटी पर सोते पकड़े गए कॉन्स्टेबल को हाईकोर्ट ने दी राहत, क्या बोले जज साहब

**बेंगलुरू, (एजेंसी)** ड्यूटी के बीच सोने के कारण सस्पेंड हुए एक कॉन्स्टेबल को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहत दी है। अदालत का कहना है कि नींद और काम और जीवन में संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। दरअसल, KSRTC यानी कर्नाटक स्टेट ट्रांसपोर्ट के कॉन्स्टेबल के कुछ वीडियो वायरल हो गए थे, जिसमें वह ड्यूटी पर सोते नजर आ रहे हैं। उन्होंने निलंबन के खिलाफ अदालत का रुख किया था।

याचिका पर जस्टिस एम नागप्रसन्न सुनवाई कर रही थे। उन्होंने कहा कि जब कॉन्स्टेबल को लंबे समय तक तय से ज्यादा काम कराया गया, तो ऐसे में उसे झपकी



लेने के लिए दोषी नहीं माना जा सकता है। खबर है कि स्टाफ की कमी के कारण कॉन्स्टेबल 8 के बजाए 16 घंटे की शिफ्ट कर रहे थे। कोर्ट ने उन्हें राहत दी है और सेवा में वापस लौटने के आदेश दिए हैं। साथ ही निलंबन की अवधि की सैलरी देने के भी आदेश दिए गए हैं।

जस्टिस नागप्रसन्न ने कहा, 'अगर किसी व्यक्ति को उसकी क्षमता से ज्यादा काम करने के लिए कह दिया जाए, तो कई बार शरीर को नींद की जरूरत पड़ती है। क्योंकि आज के समय में नींद और वर्क लाइफ बैलेंस बहुत जरूरी है। आज एक कॉन्स्टेबल है, कल कोई भी हो सकता है। इंसान को नींद से वंचित रखा जाएगा, तो वह कहीं भी सो जाएगा।'

Uttarpradesh

## UP में डंपर ने 3 युवकों को रौंदा, एक को 10 KM तक घसीटा; आगरा में रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा



**आगरा, (एजेंसी)** आगरा के थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत बाह-आगरा हाइवे स्थित अरनौटा चौराहे के पास तेज रफ्तार डम्पर की चपेट में आने से तीन बाइक सवारों की मौत हो गई। इनमें से एक युवक को डम्पर बाइक सहित घसीटते हुए 10 किमी तक तक ले गया। शव के चीथड़े उड़ गए। ग्रामीणों ने चालक की जमकर पिटाई की। रोड पर जाम लगा दिया। वाहनों पर पथराव किया। हादसे में मृत युवक जीजा और दोस्त के साथ बहन के लगुन समारोह में जा रहा था। फिरोजाबाद क्षेत्र  के अंतर्गत तिवारी गढ़ी निवासी शिवकुमार उर्फ कला (20) पुत्र पप्पू की बहन का गुरुवार को लगुन टीका चढ़ना था। वह अपने दोस्त किताब सिंह पुत्र नारायण सिंह व जीजा माखन सिंह (28) पुत्र महेंद्र सिंह गांव भोगपुरा (थाना निबोहरा) के साथ बाइक से लगुन चढ़ाने जा रहा था। देर रात करीब 9.30 बजे थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत बाह-आगरा रोड पर अरनौटा चौराहे के पास बाह की तरफ से तेज रफ्तार बालू से भरे डम्पर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में शिव कुमार और उसके दोस्त किताब सिंह की मौके पर मौत हो गई, जबकि जीजा माखन को डम्पर 10 किमी तक घसीटते हुए थाना फतेहाबाद सीमा क्षेत्र अंतर्गत बाबा की तिवरिया तक ले गया। डम्पर के नीचे बाइक और युवक को फंसा देख ग्रामीणों की रूह कांप गई। रोकने की कोशिश पर डम्पर चालक ने गति बढ़ा दी।

Punjab

## AAP के राज में बुलडोजर मॉडल! पंजाब में महिला ड्रग तस्कर पर बड़ा एक्शन, दो मंजिला मकान ढहाया

**पटियाला, (एजेंसी)** पंजाब में आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 'बुलडोजर मॉडल' अपनाते हुए ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. पटियाला में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला ड्रग तस्कर के दो मंजिला मकान को बुलडोजर से ढहा दिया. उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल फरार बताई जा रही है. यह पहली बार है जब पंजाब में नशा तस्करी से जुड़े किसी आरोपी का मकान इस तरह ध्वस्त किया गया है. पंजाब सरकार अब प्रदेश में नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है. जानकारी के अनुसार, पुलिस ने यह कार्रवाई के पटियाला के रोडीकुट मोहल्ले में की है. यहां रहने वाली महिला ड्रग तस्कर रिंकी के दो मंजिला मकान को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया. पुलिस का कहना है कि रिंकी लंबे समय से नशा तस्करी में संलिप्त थी और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं. महिला का पति भी इस अवैध कारोबार में शामिल था, जिसकी कुछ समय पहले मौत हो गई थी.

Uttarpradesh

## दूध में मिलाई नींद की गोली और... शादी के 10वें दिन जेवर और कैश लेकर भाग निकली लुटेरी दुल्हन

**मेरठ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया है. यहां एक शख्स ने पुलिस से शादी के 10 दिन बाद नई नवेली दुल्हन पर ज्वेलरी और नगदी लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है .पुलिस अब पूरे मामले की जांच में लगी है.

दरअसल मामला मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव का है जहां के रहने वाले जोगेंद्र ने पुलिस से शिकायत की है कि 26 जनवरी को दौराला थाना क्षेत्र का रहने वाला मदनपाल नाम का व्यक्ति मिला जो कि शादी कराने का काम करता है. इसके बाद मदनपाल दो और लोग - सुनील और शिवम को लेकर उस के घर आया.सुनील ने बताया कि उसके भाई की एक लड़की है जिसका नाम लक्ष्मी है और वह उससे जोगेंद्र की शादी कराना चाहता है.लड़की की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और अगर जोगेंद्र शादी का खर्चा 8 लाख रुपये देगा तो वह शादी कर देगा.

इसके बाद जोगेंद्र शादी करने के लिए तैयार हो गया और 8 लाख रुपये भी दे दिए.8 फरवरी को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार योगेंद्र और लक्ष्मी की शादी हो गई और 18 तारीख को मदनपाल , सुनील व शिवम लक्ष्मी से मिलने घर आए और तीनों ने लक्ष्मी के साथ मिलकर जोगेंद्र और उसके परिवार को दूध में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दी और पूरा परिवार गहरी नींद में सो गया.

इसके बाद अगले दिन सुबह 8:00 बजे जोगेंद्र और पूरा परिवार उठा तो मदनपाल ,लक्ष्मी , सुनील और शिवम सभी गायब थे.घर से सोने चांदी के जेवर भी गायब थे और घर में रखे 60 हजार रुपये भी गायब थे. इसके बाद जोगेंद्र को घर में नींद की गोली के रैपर भी मिले.

खेल

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एशिया कप में भिड़ंगे भारत और पाकिस्तान

### जानिए कब होगा टूर्नामेंट का आगाज

**नई दिल्ली, (एजेंसी) टी20 विश्व कप 2026 से पहले एशिया कप का आयोजन होगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत के पास है। हालांकि, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) टूर्नामेंट का आयोजन तटस्थ स्थल पर कर सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एशिया कप 2025 का आगाज सितंबर में हो सकता है।**




### यूएई या श्रीलंका में हो सकता है आयोजन

यह टूर्नामेंट टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। एशियाई क्रिकेट परिषद के एक सूत्र ने कहा- टूर्नामेंट सितंबर में होगा। भारत के पास मेजबानी के अधिकार हैं लेकिन यह यूएई या श्रीलंका में खेला जाएगा। बता दें कि, यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा पहले ही इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव पर होगी।

### आठ टीमों के बीच खेला जाएगा टूर्नामेंट

भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी आ रही है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप के आयोजन की तैयारी कर ली है। इस टूर्नामेंट का आयोजन इसी साल सितंबर में हो सकता है, जिसमें कुल 19 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की खासियत भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला होगी। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो दोनों तीन बार एक-दूसरे भिड़ सकती हैं। हाल ही में भारत ने मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में छह विकेट से हराया था। इस दौरान विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा था। एशिया कप 2025 में कुल आठ टीमें शामिल होंगी। इनमें भारत और पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग शामिल हैं।

सिनेमा

## 'इंसाफ नहीं साफ करने आया सिकंदर', सलमान खान की फिल्म का टीजर रिलीज, करेंगे धमाल



लंबे इंतजार के बाद सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का टीजर रिलीज हो गया है. इस फिल्म में सलमान खान राऊडी अवतार में नजर आने वाले हैं. टशन दिखाने के साथ-साथ सलमान को एक्शन करते भी देखा जाएगा. फिल्म 'सिकंदर' का टीजर इस बात की गवाही दे रहा है कि ईद पर भाईजान जमकर धमाल मचाने को तैयार हैं. टीजर की शुरुआत सलमान खान के किरदार सिकंदर की आवाज से होती है. वो कहता है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था. दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब.' इसके बाद आप शहर में फैली अफरा तफरी देखते हैं. एक नेता रौब में कहता है, 'अपने आप को बड़ा सिकंदर समझता है.' फिर होता है ब्लास्ट. और फिर हमारे सिकंदर को आप गुंडों की धुलाई करते देखते हैं. शख्स उससे पूछता है, 'इंसाफ दिलाएगा तू?' तो सिकंदर कहता है, 'इंसाफ नहीं साफ करने आया हूं. कायदे में रहो, फायदे में रहो. वरना श्मशान या कब्रिस्तान में रहो.' इसके बाद आप सिंकदर को ढेरों गुंडों से लड़ते और अपनी प्रेमिका पर प्यार बरसाते देखेंगे. पिक्चर के विलेन 'बाहुबली' के कटप्पा उर्फ एक्टर सत्यराज हैं, जिनकी झलक आपको टीजर में मिलती है. जाहिर है कि विलेन के रोल में सत्यराज, सलमान को कड़ी टक्कर देने वाले हैं.

## Highlights

1. Man cleared in 26/11 Mumbai terror case seeks permit to drive auto
2. Tremors felt in Bihar, Bengal as 5.5-magnitude quake hits Nepal
3. How was the man, accused of raping woman inside bus in Pune, arrested?
4. 17-year-old student's ear severed in brutal attack in hostel
5. US Embassy grants visa to family of Indian student in coma

# Who is Tuhin Kanta Pandey, the new Sebi chairman succeeding Madhabi Puri Buch?

**NEW DElHI, (Agency).** Finance secretary Tuhin Kanta Pandey has been appointed as the new chairman of the Securities and Exchange Board of India (SEBI) for a three-year term, following approval from the Appointments Committee of the Cabinet.

In an official statement, the Department of Personnel & Training said, "The Appointments Committee of the Cabinet has approved the appointment of Shri Tuhin Kanta Pandey, IAS (OR:1987), Finance Secretary and Secretary, Department of Revenue to the post of Chairman, Securities and Exchange Board of India (SEBI)."

He takes over from outgoing SEBI chairperson Madhabi Puri Buch, who assumed office on March 2, 2022. Her term is set to conclude on February 28, 2025. Buch made history as SEBI's first woman chairperson and served a three-year tenure.



Who is Tuhin Kanta Pandey, and what key roles has he played earlier?

Tuhin Kanta Pandey, a 1987 batch IAS officer from the Odisha cadre, holds a Master of Arts degree in Economics from Punjab University, Chandigarh, and an MBA from the UK. He has served in various roles within both the Government of Odisha and the Government of India.

Early in his career, he worked as executive director & managing director of Odisha State Finance Corporation (OSFC) and Odisha Small Industries Corporation (OSIC). He later held the position of collector and district magistrate of Sambalpur district and served as deputy secretary in the Department of Commerce at the Government of India. During his tenure, he was also deputed to the Regional Office of the United Nations Industrial Development Organisation (UNIDO).

After returning from central deputation, he took on key responsibilities in Odisha, including special secretary in the general administration department, transport commissioner, health secretary, and commissioner of commercial taxes.

# Bitcoin falls 25% from its all-time-high, other cryptocurrencies mirror fall

**NEW DElHI, (Agency).** The Bitcoin rout worsened during Asian trading hours on Friday, when it fell 25% from the all-time high it less than six weeks ago.

This comes as traders reversed their bets following the election of US President Donald Trump, according to a Bloomberg report.

At 9:50 am IST, Bitcoin was down 5.47%, reaching $80,078.76 a coin, as per CoinMarketCap data. Its lowest level was also touched since November 11.

Bitcoin was also not alone in this. The same trend was



seen in Ether, Solana, and XRP as well.

Bitcoin, meanwhile, had hit its all-time high of $109,241 on January 20, the day of Trump's inauguration, as he is pro-crypto.

However, the current tumble comes amid worries of the President's combative stance and broader concerns about the US economy, according to the Bloomberg report.

"Given the macro environment, it's not surprising to see we are where we are," the report quoted Stefan von Haenisch, director of over-the-counter trading in APAC at crypto custody firm Bitgo, as saying. "Traders are still waiting for Trump, widely seen as supportive of crypto, to come up with concrete steps for the sector including a Bitcoin stockpile."

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी
समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक